# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/ 2781
दिनांक : 18.06.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– नैक मूल्यांकन द्वारा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त किए जाने हेतु कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3,उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–1245/सत्तर–3–2020 दिनांक 16 जून, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके आलोक में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में " **नैक मूल्यांकन एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार** " हेतु दिनांक 23 जून, 2020 को पूर्वाहन–11:00 बजे मा0 उप–मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में ऑन लाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाना निर्धारित है, जिसकी मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महोदया होगीं।

उक्त के सम्बन्ध में शासन के पत्र के आलोक एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार ऑन लाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु आप अपने महाविद्यालय/संस्थान के आई0क्यू0ए0सी0 कोडिनेटर/प्राचार्य के नाम एवं ई–मेल आई0डी0 निम्नलिखित लिंक पर **https://forms.gle/42GTkSwfsd9t3SA98** पर दिनांक 19.06.2020 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित कराते हुये ऑन लाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,
17-06-2020
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01.सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. समन्वयक, IQAC को इस आशय के साथ प्रेषित वे शासन के संलग्न पत्र के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
04. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
05. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या-1245/सत्तर-3-2020

प्रेषक,

अब्दुल समद,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1 निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2 कुलसचिव,
समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3 प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अशासकीय एवं निजी महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 16 जून, 2020

**विषय** : नैक मूल्यांकन द्वारा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त किए जाने हेतु कार्यशाला का आयोजन।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में **"नैक मूल्यांकन एवं उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार"** हेतु दिनांक 23 जून, 2020 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे मा0 उप मुख्यमंत्री जी की गरिमामय उपस्थिति तथा उनकी अध्यक्षता में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया जाना निर्धारित है जिसकी मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल महोदया होंगी।

2- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के आई0क्यू0ए0सी0 कोर्डिनेटर/प्राचार्य के नाम एवं ई-मेल आई0डी0 निम्नलिखित लिंक पर दिनांक 19 जून, 2020 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करने का कष्ट करें :-

https://forms.gle/42GTkSwfsd9t3SA98

3- उपरोक्त ई-मेल आई0डी0 पर कार्यशाला का विस्तृत विवरण एवं ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु मीटिंग आई0डी0 एवं पासवर्ड विश्वविद्यालय तथा सम्बद्ध महाविद्यालय के आई0क्यू0ए0सी0 कोर्डिनेटर/प्राचार्य को उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

भवदीय,

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव

संख्या-1245(1)/सत्तर-3-2020, तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त कुलसचिव, को इस अनुरोध के साथ कि अपने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को इस पत्र की छायाप्रति इस निर्देश के साथ आज ही उपलब्ध करायें कि उपरोक्तानुसार सूचना तत्काल प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. डॉ0 आर0 के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
5. श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, रूसा।
6. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–3
संख्या– 1258 /सत्तर–3–2020
लखनऊ : दिनाँक : 17 जून, 2020

**कार्यालय ज्ञाप**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के तत्वावधान में दिनांक 23.06.2020 को एक ऑनलाईन कार्यशाला (वेबिनार) का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु निम्नानुसार एतद्द्वारा कार्य विभाजन किया जाता है–

1– कार्यशाला के आयोजन में मिनट–टू–मिनट कार्यक्रम का समन्वय श्री हरेन्द्र कुमार सिंह, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा किया जायेगा

2– प्रश्नगत कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु तकनीकी समन्वयक निम्नानुसार नामित किये जाते है–
   (1) उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन की ओर से श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान।
   (2) श्री सुदीप बनर्जी, विशेष कार्याधिकारी, मा0राज्यपाल, उ0प्र0।
   (3) प्रो0 अनिय कुमार रथ, सलाहकार, नैक, बंगलूरू।

3– उक्त कार्यशाला में 170 राजकीय महाविद्यालयों से 03–03 सदस्य, 17 राज्य विश्वविद्यालयों, 27 निजी विश्वविद्यालयों एवं 28 नये प्रस्तावित निजी विश्वविद्यालयों से क्रमशः 08–08 सदस्य प्रतिभाग करेंगे। उक्त के अतिरिक्त ए0के0टी0यू0, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कालेज, राज्य के चिकित्सा विश्वविद्यालय तथा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्ध नगर के सदस्य भी प्रतिभाग करेंगे। निजी महाविद्यालयों तथा स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के अतिरिक्त आयुष विभाग के प्रतिनिधि उक्त कार्यशाला में यूट्यूब पर सजीव प्रसारण के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे।

4– उक्त कार्यशाला में सम्मिलित होने वाले 3000 लोगों के ई–मेल आईडी उप निदेशक, रूसा द्वारा शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे तथा निदेशक, नैक बैंगलूरू से मीटिंग हेतु प्राप्त होने वाले यूजर आईडी एवं पासवर्ड को कार्यशाला में सम्मिलित होने वाले 3000 लोगों के ई–मेल आईडी पर उपलब्ध कराया जायेगा। प्रश्नगत कार्यशाला के विज्ञापन/प्रचार–प्रसार का समस्त कार्य श्री दिवाकर द्वारा व्यवहारित किया जायेगा।

5– उक्त सभी कार्यों के सफल संचालन में श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान को श्री पी0एल0 शर्मा, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा सहयोग किया जायेगा।

6– उक्त कार्यशाला में डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव द्वारा नैक के अनुश्रवण से अन्य राज्यों का एक्सेस भी सुनिश्चित किया जाय।

7– तकनीकी सत्र एवं प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों/प्रश्नावलियों का अनुश्रवण/समन्वय डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव एवं श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, रूसा द्वारा किया जायेगा।

8– विषयगत वेबिनार हेतु महामहिम राज्यपाल तथा मा0 उप मुख्यमंत्री जी के उपयोगार्थ उद्बोधन/भाषण सामग्री डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव उच्च शिक्षा परिषद द्वारा तैयार कर उपलब्ध करायी जायेगी।

( अब्दुल समद )
विशेष सचिव।

संख्या– 1258 (1)/सत्तर–3–2020, तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, महामहिम राज्यपाल कार्यालय।
2– निजी सचिव, मा0उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग।
3– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
4– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
5– कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
6– निदेशक, नैक बंगलूरू।
7– श्री सुदीप बनर्जी, विशेष कार्याधिकारी, मा0राज्यपाल, उ0प्र0।
8– प्रो0 अनिय कुमार रथ, सलाहकार, नैक बंगलूरू।
9– डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
10– श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, रूसा।
11– श्री पी0एल0शर्मा, सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।

आज्ञा से,

( अब्दुल समद )
विशेष सचिव।

Scanned with CamScanner